

कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्राओं के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

# महिला अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का समापन

गोहाना, 25 मार्च (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में स्थापित लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय महिला अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम का आज समापन हो गया जिसकी अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ सीमा दहिया ने की जबकि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने शिरकत की। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस साप्ताहिक कार्यक्रम में छात्राओं की समस्याओं से जुड़े सभी मुद्दे उठाये गए है। उन्होंने विधि विभाग की छात्राओं से आह्वान किया कि सामाजिक मुद्दों पर निरंतर रूप से संवाद होना चाहिए, जिससे छात्राओं की स्किल भी विकसित होगी और समाज में जागरूकता भी आएगी। विश्वविद्यालय की लीगल एड सेंटर की कन्वीनर डॉ अलका भारती ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की और बताया कि छात्राओं ने गांव में जाकर रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया है। जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत से कमलेश व श्रीमती सोनिया, डॉ कृतिका दहिया भी मौजूद रहे। मंच संचालन छात्रा सैलजा ने किया।

पंजाब केसरी
WED,26 MARCH 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# सामाजिक मुद्दों पर निरंतर रूप से हो संवाद : प्रो. सुदेश



*समापन सत्र में वी.सी. के साथ महिला विश्वविद्यालय की छात्राएं।* (अरोड़ा)

गोहाना, 25 मार्च (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के लीगल एड सैंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के तत्वावधान में आयोजित 7 दिवसीय 'महिला अधिकारों पर जागरूकता' कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश रहीं।

प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। फिर भी समाज में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी भूमिका अच्छे से निभानी चाहिए।

वी.सी. ने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने विधि विभाग की छात्राओं से आह्वान किया कि सामाजिक मुद्दों पर निरंतर रूप से संवाद होना चाहिए, जिससे छात्राओं की स्किल भी विकसित होगी और समाज में जागरूकता भी आएगी।

उन्होंने कहा कि कभी भी अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। मंच संचालन छात्रा सैलजा ने किया। लीगल एड सैंटर की कन्वीनर डॉ. अलका भारती, जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी से कमलेश और सोनिया के साथ डॉ. कृतिका दहिया भी मौजूद रहीं।

# सामाजिक मुद्दों पर निरंतर रूप से हो संवाद : प्रो. सुदेश




गोहाना मुद्रिका एप, 25 मार्च : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय "महिला अधिकारों पर जागरूकता" कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ सीमा दहिया ने की। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो सुदेश रहीं।

प्रो सुदेश ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। फिर भी समाज में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपनी भूमिका अच्छे से निभानी चाहिए।

वी.सी. ने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।

उन्होंने विधि विभाग की छात्राओं से आह्वान किया कि सामाजिक मुद्दों पर निरंतर रूप से संवाद होना चाहिए, जिससे छात्राओं की स्किल भी विकसित होगी और समाज में जागरूकता भी आएगी। उन्होंने कहा कि कभी भी अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। मंच संचालन छात्रा सैलजा ने किया।

लीगल एड सेंटर की कन्वीनर डॉ अलका भारती, जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी से कमलेश और सोनिया के साथ डॉ कृतिका दहिया भी मौजूद रहीं।

# संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया : प्रो. सुदेश



कुलपति प्रो. सुदेश व प्राध्यापकों के साथ प्रतिभागी छात्राएं • सौ. प्रवक्ता

**वि., गोहाना :** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग में लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथारिटी सोनीपत के तत्वावधान में महिला अधिकारों पर जागरूकता पर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन सत्र की अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डा. सीमा दहिया ने की। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने शिरकत की। कुलपति ने कहा कि साप्ताहिक कार्यक्रम में छात्राओं की समस्याओं से जुड़े सभी मुद्दे उठाए गए है। कुलपति ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। इसके बावजूद महिलाओं को समाज में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसका कारण जागरूक न होना रहा। कुलपति ने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। कन्वीनर डा. अलका भारती ने कार्यक्रम की रिपोर्ट पेश की।

# महिलाओं को जागरूक करें छात्राएं : वीसी

- महिला अधिकारों पर आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्राओं के साथ महिला कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के विधि विभाग में स्थापित लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत के तत्वावधान में महिला अधिकारों पर आयोजित 7 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम मंगलवार को सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आसपास के गांवों में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम किया गया है जो एक बहुत ही सरहानीय कार्य है। कुलपति ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। फिर भी जागरूकता के अभाव में हमें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए अपितु अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने विधि विभाग की छात्राओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक मुद्दों पर निरंतर संवाद करें और समाज में महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का काम करें। विवि की लीगल एड सेंटर की कन्वीनर डॉ. अलका भारती ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मंच संचालन छात्रा सैलजा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कृतिका दहिया ने दिया। कार्यक्रम में जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी सोनीपत से कमलेश व सोनिया भी मौजूद रहे।

# संविधान ने सभी को बराबरी का दिया हक : प्रो. सुदेश

**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि हमारे संविधान ने सभी को बराबरी का हक दिया है। फिर भी समाज में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है, क्योंकि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं है। ऐसे में हम सभी को अपनी भूमिका अच्छे से निभानी चाहिए। वे विवि के विधि विभाग में स्थापित लीगल एड सेंटर एवं जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय महिला अधिकारों पर जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को संदेश दे रही थी। प्रो. सुदेश ने कहा कि हमें केवल अपने अधिकारों की ही बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि अपनी जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। वहीं विवि की लीगल एड सेंटर की कन्वीनर डॉ. अलका भारती ने बताया कि कार्यक्रम के तहत छात्राओं ने गांव में जाकर रैली व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर विधि विभाग की प्रभारी डॉ. सीमा दहिया, जिला लीगल सर्विसेज अथॉरिटी से कमलेश, सोनिया, डॉ. कृतिका दहिया आदि मौजूद रहे।